तू दे दर्शन एक बार शरण में तेरी आ गया

तू दे दर्शन एक बार,
शरण में तेरी आ गया,
हजरत पीर इलाही,
पक्के पुल पै पा गया।bd।

तुं पीर मेरे बलकारी सै,
तेरे हाजिर जिंदगी सारी सै,
सेवा में उम्र गुजारी सै,
मैं दिल समझा गया,
हजरत पीर इलाही,
पक्के पुल पै पा गया।bd।

तेरी सेवा में दिन-रात रहूं,
बस फख्त आपके साथ रहूं,
ना भूलूं औकात रहूं,
कई धोखे खा गया,
हजरत पीर इलाही,
पक्के पुल पै पा गया।bd।

तेरी लीली चादर लया दूंगा,
जो कहै प्रसाद चढ़ा दूंगा,
तेरे नूर में नूर मिला दूंगा,
मैं शीश झुका गया,
हजरत पीर इलाही,
पक्के पुल पै पा गया।bd।

कृष्ण जुएं आला गुण गाए जा,
नीलम भी टहल बजाए जा,
तेरा निशदिन ध्यान लगाए जा,
न्यु फायदा ठा गया,
हजरत पीर इलाही,
पक्के पुल पै पा गया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू दे दर्शन एक बार,
शरण में तेरी आ गया,
हजरत पीर इलाही,
पक्के पुल पै पा गया।bd।

गायक / प्रेषक – कृष्ण जुआं वाले & जागरण पार्टी
9813297388

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com